सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 232 | इंदौर, शनिवार 08 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

अर्ज़ किया है..!

*मैं भी बहुत अजीब हूं*
*इतना अजीब हूं कि बस*
*खुद को तबाह कर लिया*
*और मलाल भी नहीं*

-जॉन एलिया

## मप्र में पेड़ से टकराकर आग का गोला बनी कार

### 1 युवक जिंदा जला, 4 लोग घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में भीषण दुर्घटना घटी है। यहां एक पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई, जिससे 24 साल के एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 4 बजे मुरमाडी के पास हुआ। उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ के दुर्ग से पांच युवक बालाघाट जिले के कटंगी में एक शादी में शामिल होने आए थे। शुक्रवार सुबह घर लौटते समय उनकी कार एक पेड़ से टकरा गई और उसमें आग लग गई। स्टेशन हाउस ऑफिसर चंद्र जीत यादव ने बताया कि कार में सवार चार लोग भागने में सफल रहे। जबकि एक की जलकर मौत हो गई।'

उन्होंने बताया कि सुबह की सैर पर निकले लोगों के एक समूह ने जली हुई कार देखी और रामपायली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और वाहन से एक व्यक्ति का जला हुआ शव बाहर निकाला। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव पूरी तरह जल जाने की वजह से रामपायली में पोस्टमार्टम नहीं हो सका और उसे जबलपुर भेज दिया गया।

उन्होंने बताया कि समूह के दो सदस्यों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान राकेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सत्यप्रकाश लक्ष्मण पटले (27) और कृष्णा साहू (18) को गंभीर चोटें आई हैं। दो अन्य की पहचान 29 साल के श्लोक जोशी (29) और 19 साल के विक्रम खांडे के रूप में हुई है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# अब जनता के हाथ होगा सरकार का बजट

## क्यूआर कोड स्कैन कर सब जान सकेंगे, सत्र में कब क्या?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू हो रहा है। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा 2025-26 का बजट 12 मार्च को विधानसभा में पेश करेंगे। इस बजट को आम जनता भी पढ़ सकेगी। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सरकार के बजट को पढ़ने के लिए एक क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, इसके बाद आपके मोबाइल पर विधानसभा में पेश किया गया बजट खुल जाएगा। लोगों को सरकार के सभी विभागों की वेबसाइट पर यह क्यूआरकोड उपलब्ध कराया जाएगा, जो बजट भाषण खत्म होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रदेश की जनता को पहली बार क्यूआर कोड से बजट की कॉपी पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोग सरकार की इनकम, खर्च और विभागों को मिलने वाले फंड के बारे में आसानी से जानकारी हासिल कर सकेंगे।

### चार लाख करोड़ से अधिक का होगा बजट

10 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के दो दिन बाद 12 मार्च को मोहन यादव सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट विधानसभा में पेश



करेगी। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से यह बजट पेश किया जाएगा। इस बार का बजट चार लाख करोड़ से अधिक का होने का अनुमान है। बजट सत्र में सरकार उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए विशेष प्रावधान कर सकती है। इसके अलावा भी कई अन्य बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं।

### विधानसभा में कब क्या होगा?

1. 10 मार्च से विधानसभा का सत्र की शुरुआत पहले दिन राज्यपाल मंगूभाई पटेल का अभिभाषण
2. 11 मार्च को राज्य सरकार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेगी
3. 12 मार्च को वित्त मंत्री और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे।
4. 15 दिवसीय विधानसभा सत्र में 9 बैठकें होंगी
5. 05 पांच विधेयक इस सत्र में किए जा सकते हैं पेश

### सीएम यादव ने की समीक्षा बैठक

बजट सत्र की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में बैठक कर समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रश्नों और ध्यानाकर्षण आदि के जवाब तथ्यात्मक व तर्कपूर्ण ढंग से दिए जाएं। उन्होंने लंबित शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन और लोक लेखा समिति की सिफारिशों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ऑनलाइन प्रश्न पूछने पर विधायकों की रूचि

विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को 2939 प्रश्न मिले हैं। इसमें 1785 सवाल ऑनलाइन हैं और 1154 सवाल ऑफलाइन हैं। इसमें 1448 तारांकित और 1491 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं।

# जिस मरीज को 'कोमा' में बताया गया, वह खुद चलकर अस्पताल से बाहर आया, डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी. मध्य प्रदेश के रतलाम में एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मरीज, जिसे 'कोमा' में बताया गया था, वह खुद चलकर अस्पताल से बाहर आ गया. मरीज ने डॉक्टरों पर इलाज के लिए एक लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं.**




एजेंसी के अनुसार, रतलाम के मोती नगर का रहने वाला बुंटी निनामा दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र में एक झगड़े में घायल हो गया था. पहले उसे सरकारी मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में उसे जीडी अस्पताल रेफर कर दिया गया.

इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बुंटी निनामा को लगभग आधे कपड़ों में अस्पताल के बाहर खड़े देखा गया. उसकी कमर पर कोलोस्टॉमी बैग और नाक में नली लगी थी. उसने डॉक्टरों पर आरोप लगाया कि इलाज के लिए उससे 1 लाख रुपये की मांग की गई थी.

बुंटी निनामा की पत्नी ने भी अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि हमें बताया गया कि मेरे पति कोमा में हैं. हमने 12 घंटे के भीतर 40,000 रुपये खर्च कर दिए और जब मैं और पैसे का इंतजाम करने गई और वापस आई तो देखा कि मेरे पति खुद अस्पताल के बाहर खड़े थे और गुस्से में थे.

इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. एमएस सागर ने बताया कि तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश दिए गए हैं. वहीं, जीडी अस्पताल के प्रबंधन ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया. अस्पताल के बयान के अनुसार, मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया था और कुल बिल मात्र 8,000 रुपये था. पैसे मांगने का आरोप पूरी तरह निराधार है. यह मामला वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आ गया.

### विजयवर्गीय बोले- मुस्लिम हमारे साथ में खेलें होली

# होली खेलना इस्लाम के विरुद्ध तो नहीं है और हमारे यहां तो गंगा-जमुनी संस्कृति रही है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुस्लिम भाइयों को बड़ा दिल रखना चाहिए। जुमे की नमाज हर शुक्रवार आती है। होली तो साल में एक बार आती है। इसलिए वे भी हमारे साथ होली मनाएं। और उसका मजा लें। होली खेलना इस्लाम के विरुद्ध तो नहीं है और हमारे यहां तो गंगा-जमुनी संस्कृति रही है। एक दूसरे को गुलाल लगाते आ रहे हैं।**



अब पता नहीं कहां के कट्टरवाद आकर यहां पर मुस्लिम भाइयों में भ्रम पैदा कर रहा है। मैं तो अपने मुस्लिम भाइयों से भी कहना चाहता हूं कि अपने पूर्वज कौन थे इस का जरा पता लगाएं। आपके पूर्वजों ने वृंदावन में कृष्ण के साथ होली खेली है। इस बात को ध्यान में रखें। विजयवर्गीय शुक्रवार को समर्थकों के साथ छावा मूवी देखने विजयनगर स्थित मंगल सिटीमॉल में गए थे। उनके साथ मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, अक्षय कांति बम सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। समर्थकों ने शिवाजी और संभाजी की तरह वेशभूषा भी पहन रखी थी। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- अबु आजमी पागल है और वर्तमान समाज में इस प्रकार की बेहूदी बात करना बहुत ही गलत है। उनको तो ऐसी सजा देना चाहिए कि इस प्रकार बयानबाजी दूसरा व्यक्ति न करे। मैं मुख्यमंत्री जी से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से कहूंगा। UP के बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से नाराजगी पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि युद्ध के समय राजा और सेनापति को अपने कर्तव्यों का पालन करना प्राथमिकता होती है। और इस कारण से उन्हें धार्मिक नियमों से छूट मिलती है। मौलाना ने कहा था कि शमी ने रमजान में रोजा नहीं रखा, जो गुनाह है। शरीयत की नजर में वह मुजरिम हैं। इनको हरगिज ऐसा नहीं करना चाहिए था। दरअसल, मंगलवार को शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान ग्राउंड पर एनर्जी ड्रिंक पीते नजर आए थे। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को वीडियो जारी किया था।

## 58 वर्षीय ज्योति भक्त ने साइकिल से अकेले कर ली तीन हजार किमी लंबी नर्मदा परिक्रमा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** यदि खुद पर भरोसा होता है तो फिर मन की करने में कोई मुश्किलें नहीं आतीं। पुणे निवासी 58 वर्षीय ज्योति भक्त ने तीन हजार किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा करने का फैसला लिया। रिश्तेदारों, दोस्तों ने मना किया कि अकेली महिला हो, क्यों रिस्क ले रही हो, कुछ हो जाएगा तो...लेकिन ज्योति ने किंतु, परंतु की चिंता को खूंटी पर टांगा और निकल पड़ी साइकिल लेकर।

ज्योति भक्त ने तीन हजार किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा साइकिल से 34 दिनों में पूरी की। हर दिन वह 50 से 70 किलोमीटर साइकिल चलाती थी। समतल सड़क, पगडंडी, पहाड़, कंटीले रास्तों के बीच से होती उसकी साइकिल नर्मदा की धाराएं देखकर आगे बढ़ती चली गई। ज्योति कहती हैं कि पहले मुझे भी लग रहा था कि अकेली महिला के लिए यात्रा करना ठीक होगा क्या, फिर मुझे नर्मदा परिक्रमा रूट के रहवासियों के फोन नंबर मिले। मैंने उनसे अपनी शंकाएं पूछीं तो जवाब मिला कि आप नर्मदा परिक्रमा करने आएंगी तो फिर ग्रामीण आपका सम्मान नर्मदा मैय्या के रूप में ही करते हैं। आप किसी बात की चिंता मत करिए। पति और विदेश में रह रहे बेटे ने भी नर्मदा परिक्रमा के लिए ज्योति का उत्साह बढ़ाया। ज्योति बताती है कि मैंने यात्रा से पहले पंचर बनाना सीखा। पूरी यात्रा के दौरान पांच बार साइकिल पंचर हुई। उसे मैंने ही जोड़ा। नर्मदा परिक्रमा के दौरान हर समय मुझे लगा कि नर्मदा मैय्या मेरे साथ चल रही हैं। शिवरात्रि पर मेरी परिक्रमा पूरी हुई।ज्योति कहती हैं कि मेरी उम्र 58 साल है। अब जिंदगी की दूसरी पारी है। परिवार, बच्चों को पूरा समय दिया और एक पत्नी, बेटी, बहू और मां की जिम्मेदारी बखूबी निभाई, लेकिन अब दूसरी पारी में अब खुद के शौक पूरे करने हैं। अब मैं इसके बारे में सोचती नहीं हूं, कर के ही दम लेती हूं। मैं पेंटिंग बनाती हूं, पहाड़ों पर घूमने जाती हूं। इंसान को अपने लिए वक्त निकालना चाहिए। खुद के लिए भी थोड़ा जीना चाहिए। मैं वहीं करती हूं और खुश रहने लगी हूं।

## सुभाष मार्ग पर डाली सेंट्रल लाइन, लगाएंगे निशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मास्टर प्लान के तहत शहर में बनने वाली 23 सड़कों के निर्माण के लिए निगम प्रशासन ने सुभाष मार्ग पर अलाइनमेंट तय कर सेंट्रल लाइन डाल दी। साथ ही सड़क निर्माण की जद में आने वाले मकानों और दुकानों पर जल्द ही निशान लगाए जाएंगे। इसके साथ ही इन्हें नोटिस देने की तैयारी भी है। जनकार्य विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए। बताया जा रहा है कि सुभाष मार्ग पर ही करीब 400 मकान-दुकान प्रभावित होंगे, जिनके लिए तीन-चार दिन में निशान लगाने का काम पूरा हो जाएगा। अधिकारियों के अनुसार नोटिस जारी करने के बाद 15 दिन का समय दिया जाएगा। ऐसे में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने में लगभग एक से डेढ़ महीने का समय लगेगा। नगर निगम ने निर्माण हटाने की तैयारी कर ली है, लेकिन प्रभावित लोगों को मुआवजा देने को लेकर अब तक कोई स्पष्टता नहीं है। नगरीय प्रशासन मंत्री ने जिला प्रशासन को इसके लिए अलग नीति बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। निगम अब तक ऐसे मामलों में टीडीआर सर्टिफिकेट दे रहा है। हालांकि ज्यादातर मामलों में लोगों को ये सर्टिफिकेट भी नहीं मिल पाए हैं।

### वुमंस डे पर एआईसीटीएसएल की पहल

# बसों में आज महिलाएं करेंगी फ्री सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को एक खास तोहफा दे रहा है। 8 मार्च को सभी सिटी बसों, आई बस और ई-बसों में महिलाएं मुफ्त में सफर कर सकेंगी। महापौर और एआईसीटीएसएल बोर्ड अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।**



हर साल की तरह इस साल भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एआईसीटीएसएल बस में सफर करने वाली महिला-बहनों को 8 मार्च को निःशुल्क सफर करने का तोहफा दे रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इंदौर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने वाली घर के काम के साथ-साथ बाहर निकलकर समाज में काम करने वाली हमारी सभी माता-बहनों के लिए शनिवार को एआईसीटीएसएल की सभी बसों का सफर निशुल्क रहेगा। देखा जाए तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए फ्री सफर होने से महिलाओं को न तो टिकट खरीदना पड़ेगा न ही उन्हें कोई पास बताना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर में एआईसीटीएसएल की बसों का कामकाजी महिलाओं-युवतियों के साथ ही बड़ी संख्या में छात्राओं द्वारा आने-जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## BRTS पर लगे सामान का सर्वे शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में बने 11.2 किमी लंबे BRTS को हटाने के पहले उसमें लगे सामान का सर्वे कराया जा रहा है। ये सर्वे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की तरफ से स्क्रेप नॉमिनेट एजेंसी कर रही है। BRTS में लगे सामान का सर्वे करने के बाद हफ्तेभर में इसकी जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। दरअसल, हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद BRTS को हटाने का काम शुरू किया जा चुका है। शुरू में नगर निगम ने शिवाजी वाटिका और जीपीओ चौराहे के समीप BRTS की रेलिंग को हटाया था ताकि वहां पर ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। मगर 11.2 किमी लंबे BRTS को हटाने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इसके बाद BRTS को पूरी तरह से हटाने का काम शुरू हो सकेगा। मगर इसके पहले एआईसीटीएसएल द्वारा BRTS में लगे सामान का सर्वे करा रहा है, ताकि उसकी कीमत का पता चल सके।

# इंदौर सहित 48 शहरों में रिलीज हुई रानी सती पर आधारित फिल्म 'मोटी सेठानी'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजस्थान के फिल्म निर्माता राणा संजय तुलसानिया द्वारा निर्मित फिल्म 'मोटी सेठानी' का प्रदर्शन 48 शहरों में एक साथ शुरू हुआ। अग्रवाल समाज की 500 महिलाओं ने आरती के साथ फिल्म का शुभारंभ किया। फिल्म में रानी सती 'दादी' की ऐतिहासिक कथा को दर्शाया गया है।**



राणी सती दादी सेवार्थ भक्त मंडल के संजय बाकड़ा, पूजा बंसल, आशीष गोयल और राजू अग्रवाल ने फिल्म के बारे में जानकारी दी। फिल्म में बताया गया है कि महाभारत काल में अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा ने अगले जन्म में गुलसामलजी के यहां नारायणी के रूप में जन्म लिया। अभिमन्यु ने जालीरामजी के घर तनधनजी के रूप में जन्म लिया। नारायणी (राणी सती दादी) बचपन से ही वेद, पुराण और गीता के ज्ञान में पारंगत थीं। वे शस्त्र कला में भी निपुण थीं। उनका विवाह कम उम्र में तनधनजी से हुआ। एक मुस्लिम शासक तनधनजी की अनूठी घोड़ी पाना चाहता था। असफल होने पर उसने युद्ध छेड़ दिया। इस युद्ध में तनधनजी वीरगति को प्राप्त हुए। राणी सती ने दुर्गा रूप धारण कर युद्ध में विजय प्राप्त की। उन्होंने रणभूमि पर ही सती होने से पहले अपने सेवक राणा को आदेश दिया कि उनकी भस्म को घोड़ी पर रखकर ले जाएं। जहां घोड़ी रुके, वहीं उनकी स्थापना करें। घोड़ी राजस्थान के झुंझुनू में रुकी, जहां राणी सती दादी का मंदिर स्थापित किया गया। हरियाणा और राजस्थान के अग्रवाल समाज की कुलदेवी के रूप में राणी सती दादी की पूजा की जाती है। भक्त मंडल के प्रमुख विष्णु अग्रवाल (दादीधाम), वासु टिबड़ेवाला, मुरारी शाह, गोविन्द मंगल, मदन अग्रवाल (गरोठ वाले), प्रकाश अग्रवाल, नंदकिशोर कंदोई, अरविन्द बागड़ी, किशोर गोयल, विनोद अगवाल (भीकनगांव वाले), अजय सिंघानिया, शिव नारायण अग्रवाल ने बताया दो दिन तक फिल्म दिखाई जाएगी। प्रभारी विकास मित्तल, संदीप गोयल, आशीष राधादेवी मित्तल, स्वाति मुकेश अग्रवाल, ममता गर्ग, मीना अगवाल, दीप्ति अग्रवाल, राकेश भूत, निलेश धानुका, अनिता मित्तल, किरण तायल, अजय मंगल, आभा अग्रवाल, वर्षा बंसल, पूजा प्रवेश अग्रवाल ने बताया कि फिल्म शो के पूर्व सभी भक्तजन का तिलक स्वागत किया गया एवं पिक्चर हाल में सोलह श्रृंगार से दादीजी का प्रकटोत्सव मनाया गया। सभी उपस्थित दर्शकों द्वारा दादी की आरती की गई।

# आयोग के सदस्यों को पसंद आया इंदौर का स्वच्छता का मॉडल

## वित्त आयोग ने किया गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शुक्रवार को सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों ने दौरा किया। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था और ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा भी किया। उन्हें इंदौर का स्वच्छता मॉडल पसंद आया। सदस्य बोले कि हमने नहीं सोचा था कि कचरा भी सुंदर हो सकता है। स्वच्छता को लेकर इंदौर में वाकई अच्छा काम हुआ है।**



शहर में किए गए विकास कार्यों और ग्रांट्स के उपयोग को लेकर सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, डॉ. सौम्य कांति घोष और ऋत्विक पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त की। श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा- 'इंदौर को ग्रांट्स मिली और उनका उपयोग जिस तरीके से हुआ, यह देखकर अच्छा लगा।' उन्होंने आगे कहा कि यह तरीका अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श हो सकता है।

आयोजन के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों ने वित्त आयोग के सदस्यों को कुछ सुझाव दिए, जिन पर विचार करने की बात भी आयोग के सदस्यों ने कही। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा इंदौर का एक अनोखा कल्चर है, जहां सरकार, प्राइवेट सेक्टर और नागरिक मिलकर काम करते हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने भाषण में मजाकिया अंदाज में कहा कि आयोग विकास के लिए ज्यादा पैसा दे, कब तक हम जनता की जेब काटते रहेंगे। इसके बाद हॉल में ठहाके गूंजने लगे। विजयवर्गीय ने कहा कि इस शहर के संवारने में इंदौर की जनता और बुद्धिजीवियों का बहुत बड़ा योगदान है। हमारी ब्यूरोक्रेसी में कोई ईगोइस्ट नहीं है, और हमें प्रशासनिक टीम का बहुत अच्छा सहयोग मिला है।मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर देश के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक बना है, और इसे बनाए रखना बहुत बड़ी चुनौती है। इंदौर टेक ऑफ के मोड़ पर है। बैंगलोर, हैदराबाद जैसे शहरों में ग्रीन मोबिलिटी, एआई और डिजिटलीकरण में तेजी से प्रगति हो रही है, और इन क्षेत्रों में अब भविष्य का शहर इंदौर है।

# आईआईटी छात्र की धनबाद में संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के 21 वर्षीय छात्र तन्मय प्रजापति की झारखंड के धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के हॉस्टल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गुरुवार सुबह उसका शव हॉस्टल के वॉशरूम में मिला। वह इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष का छात्र था। परिजन इंदौर से धनबाद के लिए रवाना हो चुके हैं।**

धनबाद के सुरक्षा अधिकारी राम मनोहर के अनुसार, तन्मय एक्वामरीन हॉस्टल की नौवीं मंजिल पर रहता था। गुरुवार तड़के चार से पांच बजे के बीच वह वॉशरूम गया, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आया। सुबह 9:45 बजे अन्य छात्रों ने सुरक्षा कर्मियों को सूचना दी। सिक्योरिटी सुपरवाइजर और सहायक सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। जब कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर तन्मय का शव पड़ा था। उसे तुरंत आईआईटी के हेल्थ सेंटर और फिर एशियन जालान अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह 10:05 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल दवा के ओवरडोज से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी-सास, सालियों की जमानत याचिका खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 20 जनवरी को सुसाइड करने वाले फोटोग्राफर नितिन पडियार के मामले में हाई कोर्ट ने उसकी पत्नी, सास और दो सालियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। नितिन ने 14 पेज के सुसाइड नोट में इन चारों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।**

नितिन ने सुसाइड नोट में लिखा था-मैं नितिन पडियार आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी पत्नी हर्षा शर्मा ने मुझे और मेरे परिवार को झूठे केस में फंसा दिया है। अगस्त 2019 में हमने लव मैरिज की थी। शुरुआत में दोनों के परिवारों की मंजूरी नहीं थी। लेकिन बाद में मेरे परिवार ने हमें स्वीकार कर लिया। मेरी सास सीता शर्मा इस शादी से खुश नहीं थीं। उन्होंने मुझे कभी नहीं अपनाया। मेरी मौत के लिए केवल मेरी पत्नी हर्षा शर्मा, सास सीता शर्मा, साली मीनाक्षी और वर्षा शर्मा जिम्मेदार हैं। इन्होंने मुझे लगातार डराया और ब्लैकमेल किया। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों ने पहले जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की, लेकिन वहां से निरस्त होने के बाद हाई कोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने भी मंगलवार को याचिका खारिज कर दी।

# 50 ग्राम एमडी ड्रग के साथ तीन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने एमडी ड्रग की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग 50 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी राजस्थान से इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते उसे पकड़ लिया गया। इससे पहले, आईपीएस करणदीप सिंह ने तेजाजी नगर क्षेत्र में 200 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की थी, जिसके आधार पर पुलिस को इन आरोपियों की जानकारी मिली थी। आजाद नगर पुलिस ने जावेद उर्फ छोटू खान (निवासी झालावाड़, राजस्थान), वसीम (पुत्र राजू खान, निवासी बड़ौद), और सुरेश (पुत्र सखाराम) को मूसाखेड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जावेद इंदौर में एमडी ड्रग की डिलीवरी देने आया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया और तलाशी के दौरान उनके पास से लाखों रुपए कीमत की 50 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई।

# आजमी के बयान पर इंदौर में विरोध




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिवाजी वाटिका चौराहे पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के पुतले को चप्पल और डंडों से पीटने के बाद आग के हवाले कर दिया गया।**

अबू आजमी द्वारा मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने पर इंदौर में संस्था देवपथ के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शिवाजी वाटिका चौराहे पर एकत्रित हुए और 'अबू आजमी मुर्दाबाद' के नारे लगाए। हाल ही में एक फिल्म पर चर्चा के दौरान अबू आजमी ने औरंगजेब का महिमामंडन करते हुए कहा था कि, 'औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं था। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की लड़ाई थी।'संस्था देवपथ के संयोजक मुकेश सिंह राजावत के नेतृत्व में समर्थकों ने शिवाजी वाटिका पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्रूर शासकों का महिमामंडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अबू आजमी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### 7 लाख की लूट का खुलासा

# कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ब्रोकरशिप कंपनी के कर्मचारी के साथ हुई 7 लाख की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी ही इस लूट का मास्टरमाइंड निकला। उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रची थी।**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले से कर्ज में डूबा था और इस कर्ज से उबरने के लिए उसने यह योजना बनाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद कर ली है। टीआई संजू कामले के मुताबिक, नवलखा स्थित एक ब्रोकरशिप कंपनी के मालिक आकाश जैन ने अपने कर्मचारी राजू दांगी को 4 मार्च को व्यापारी पवन जोशी से पेमेंट लेने महारानी रोड भेजा था। राजू दोपहर में स्कूटर से निकला और करीब एक घंटे बाद फोन कर बताया कि जब वह पटेल ब्रिज के पास पहुंचा तो नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसका बैग छीन लिया। डर के कारण राजू सीधे नवलखा ऑफिस पहुंचा और वहां से आकाश के साथ थाने जाकर लूट की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को राजू की बातों पर संदेह हुआ और मामले की गहराई से जांच शुरू की।

## घूरने की बात पर कहासुनी, चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया में घूरने की बात पर कहासुनी हो गई। पुलिस ने देर रात पांच युवकों पर चाकूबाजी और प्राणघातक हमले के मामले में केस दर्ज किया है। हमले में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका आईसीयू में उपचार चल रहा है। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि दीपक कुशवाह पेशे से मैकेनिक हैं। खुद का गैरेज संचालित करते है। उनके नजदीक ही श्याम गैरेज पर काम करने वाले युवक से उनका घूरने की बात पर विवाद हो गया। रात में दीपक जब घर था तो आरोपी ऑटो रिक्शा में भरकर आए। इसके बाद दीपक से घर के बाहर विवाद किया। एक आरोपी ने चाकू निकालकर दीपक के पेट और पीठ में मार दिया। इसी दौरान बचाव करने आए उसके भाई को भी आरोपियों ने चाकू मारे। आरोपी इसके बाद पूरी गली में हंगामा करते रहे। शोर की आवाज पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान दोनों बदमाश मौके से भाग गए। दोनों घायलों को अपोलो अस्पताल लेकर आया गया। यहां दीपक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## सोने का हार लूटकर बदमाश फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया में 2 मार्च को अपने पति के साथ जा रही एक महिला का सोने का हार लूटकर बदमाश फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने पुलिस को लुटेरे की बाइक का नंबर बताया था, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि आरोपी ने इससे पहले भी कई वारदातों को अंजाम दिया था।**

डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने लूट की इस घटना में आरोपी वीरेंद्र चौहान (निवासी खुड़ैल) को हिरासत में लिया है। आरोपी ने 2 मार्च की दोपहर कविता पटेल नामक महिला के साथ लूट की थी। घटना के समय कविता अपने पति के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बावलिया से बिसनखेड़ा की ओर जा रहे थे, तभी सफेद रंग की बाइक पर हेलमेट पहने हुए एक युवक ने झपट्टा मारकर उनका सोने का हार छीन लिया। हालांकि, कविता ने आरोपी की बाइक का नंबर देख लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पर्यावरण विभाग की समीक्षा

# सिंहस्थ : 2028 के दृष्टिगत क्षिप्रा तथा कान्ह नदी के जल की गुणवत्ता की निरंतर की जाए मॉनिटरिंग

### वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किसानों को नरवाई न जलाने के लिए करें प्रेरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल का बड़ा तालाब हमारी समृद्ध धरोहर का हिस्सा है, सर्वे कराकर इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बड़े तालाब के आस-पास हो रहे अवैध निर्माण और सीहोर से बड़े तालाब में आने वाले जल को अवरूद्ध करने वाली संरचनाओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारी भोपाल ताल के आस-पास हो रही निर्माण गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें और उनके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास में हुई पर्यावरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, सचिव पर्यावरण श्री नवनीत मोहन कोठारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की नदियों तथा अन्य जल संरचनाओं को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए इनके आस-पास की औद्योगिक इकाईयों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित हो कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा उनके यहां से निकलने वाले डिस्चार्ज का प्लांट में ही ट्रीटमेंट किया जाए, बड़े होटलों पर भी यह व्यवस्था लागू हो। बैठक में सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत क्षिप्रा तथा कान्ह नदी के जल की गुणवत्ता की निरंतर मॉनिटरिंग तथा इस संबंध में जनजागृति के लिए विशेष गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाओं में जल जीवों, जल वनस्पतियों की स्थिति और जल की गुणवत्ता के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालयों को भी साथ जोड़ा जाए। नदियों के आस-पास हो रही खनन गतिविधियों को नियंत्रित करना आवश्यक है। इसके साथ ही खनन के बाद छोड़े दिए गए गड्ढों को भरने के लिए नगरीय निकाय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का दायित्व निर्धारित किया जाए। खनन के बाद छूटे स्थानों को तालाब के रूप में विकसित किया जा सकता है, इससे आस-पास के क्षेत्र के जल स्तर में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, देवास और सागर के साथ-साथ सिंगरौली और मंडीदीप की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पर्यावरण विभाग, कृषि विभाग के साथ अभियान चलाए। नगरीय क्षेत्र में धूल व प्रदूषण को कम करने के लिए निर्माण गतिविधियों में विशेष सावधानी बरती जाए तथा रेडीमिक्स कांक्रीट के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने पुराने वाहनों से हो रहे प्रदूषण की ओर भी सतर्क रहने की आवश्यकता बताई।

## एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से बच्ची की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ब्यावरा, राजगढ़, एजेंसी।** गुना जिला अस्पताल से भोपाल रेफर की गई तीन साल की बच्ची की एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से मौत हो गई। एंबुलेंस कर्मचारी बच्ची को ब्यावरा सिविल अस्पताल के गेट पर छोड़कर भाग गए। न तो रेफर पर्चा दिया और न ही बच्ची को भर्ती कराया। तेज बुखार आने पर तीन साल की हर्षिता कुशवाह को गुरुवार को गुना शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

शुक्रवार सुबह 6:40 बजे हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने भोपाल रेफर कर दिया। ब्यावरा से करीब 5 किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म हो गई। दूसरा सिलेंडर भी पहले से खाली था। ब्यावरा सिविल अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। हर्षिता कुशवाह पटना की रहने वाली थी। बच्ची के दादा ओंकार सिंह कुशवाह ने कहा कि, बच्ची को भोपाल रेफर किया था। रास्ते में ऑक्सीजन खत्म होने पर मैंने गाड़ी रुकवाई। दूसरा सिलेंडर देखा तो वो भी खाली थी। जैसे-तैसे ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचे। हम बच्ची को अस्पताल के अंदर लेकर भागे। तभी एंबुलेंस कर्मचारी सामान फेंक कर वहां से चले गए। गाड़ी में जरूरी कागज रखे थे, वो ले गए। ओंकार सिंह ने गुना जिला अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर भी लापरवाही का आरोप लगाया।

बाबा महाकाल के दर्शन कर बोले हनी सिंह

## अच्छा समय आ गया जो महाकाल का बुलावा आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,एजेंसी।** 12 वर्षों से मेरा समय खराब चल रहा था। लेकिन अब मुझ पर बाबा महाकाल की कृपा हुई है, जो मुझे उनका बुलावा आया है। मैं बाबा महाकाल के दरबार आया हूं, जहां मैंने यही कामना की है कि उनका आशीर्वाद अब मुझ पर सदा इसी प्रकार बना रहे। यह बात मशहूर रैपर और संगीत निर्माता हनी सिंह ने मीडिया से कही।

आपने अच्छी दर्शन व्यवस्था के लिए पंडित जी, आचार्य जी और श्रीमहाकालेश्वर प्रबंध समिति को धन्यवाद भी दिया।



मशहूर संगीतकार हनी सिंह इन दिनों देश के 10 बड़े शहरों में कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। उनके यहां कार्यक्रम मुंबई, लखनऊ, दिल्ली, जयपुर के साथ ही इंदौर में भी आयोजित हो रहे हैं। आठ मार्च को उनका यह कार्यक्रम आयोजित होने वाला है। इसके पहले आज वे बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि पुजारी पंडित यश गुरु के माध्यम से आज प्रसिद्ध संगीत निर्माता हनी सिंह ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने चांदी द्वार से भगवान का पूजन और जलाभिषेक किया, जिसके बाद नंदी हॉल में बैठकर मंत्रोच्चार व आरती की। इस दौरान सत्कार अधिकारी अभिषेक शर्मा द्वारा हनी सिंह का सम्मान किया गया।

## कार में आग लगी, जिंदा जला युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट में एक कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर होते ही कार में आग लग गई। एक युवक जिंदा जल गया। 4 लोग गंभीर घायल हैं। हादसा दिनी-पुनी के मुरमाड़ी मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। रामपायली थाना पुलिस के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के दुर्ग से आए पांच युवक कटंगी में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मुरमाड़ी में उनकी कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई और उसमें आग लग गई। कार सवार चार लोग किसी तरह कार से बाहर निकल गए, लेकिन 24 साल का राकेश श्रीवास अंदर ही फंसा रह गया। सुबह घूमने निकले ग्रामीणों ने हादसे की सूचना रामपायली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला।

## सिंधिया बोले-कुछ लोग अब भी आक्रांताओं से आकर्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। शुक्रवार शाम ग्वालियर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विपक्ष पर तीखा जुबानी हमला किया है। केन्द्रीय मंत्री ने विपक्ष के द्वारा औरंगजेब के महिमा मंडन पर कहा कि कुछ लोग अभी भी विदेशी आक्रांताओं से आकर्षित हैं। मैं मराठा हूं और भारत माता का बेटा हूं। हमें हमारे योद्धाओं पर गर्व है।**



सिंधिया ने साथ ही कहा कि एक खुशी की बात यह है कि शिवपुरी का माधव नेशनल पार्क अब माधव टाइगर रिजर्व बनने जा रहा है। 10 मार्च को मेरे पिताजी स्व. माधवराव सिंधिया जी की 80वीं जन्म जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री व वनमंत्री भूपेन्द्र सिंह इसका शुभारंभ करेंगे। यह पल मेरे लिए खास रहेगा। इसके लिए सिंधिया ने सीएम व वन मंत्री का आभार भी माना है।

## आईएएस शिल्पा के खिलाफ 10 हजार का गिरफ्तारी वारंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (DPI) की कमिश्नर शिल्पा गुप्ता के खिलाफ 10 हजार रुपए का जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हाईकोर्ट ने 23 मार्च को आईएएस शिल्पा गुप्ता को हाजिर होने के निर्देश भी दिए हैं।**

दरअसल, हाईकोर्ट ने 23 अक्टूबर 24 को एक आदेश पारित करते हुए आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस प्राथमिक शिक्षकों को उनकी पसंद अनुसार चार सप्ताह में ट्राइबल से डीपीआई में पोस्टिंग देने के आदेश दिए थे। लोक शिक्षण संचालनालय की कमिश्नर हाईकोर्ट का नोटिस तामील होने के बावजूद भी हाजिर नहीं हुई, जिस पर कोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई की है। 7 मार्च 2025 को संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने



याचिकाकर्ता हरिओम यादव सहित 50 से अधिक शिक्षकों की ट्राइबल वेलफेयर स्कूल में की गई पदस्थापना को अवैधानिक मानते हुए उनकी पहली पसंद के अनुसार डीपीआई के स्कूल में चार सप्ताह के भीतर पदस्थापना हेतु कमिश्नर DPI, को निर्देशित किया गया था। हाईकोर्ट के आदेश को चार माह बीत जाने के बाद भी DPI कमिश्नर शिल्पा गुप्ता ने हाईकोर्ट के आदेश को कोई तवज्जो नहीं दी। याचिकाकर्ता के वकील रामेश्वर सिंह ने बताया कि आईएएस शिल्पा गुप्ता ने अभ्यर्थियों को दुत्कार कर डीपीआई ऑफिस से भगा दिया। इसके बाद शिक्षकों की ओर से हाईकोर्ट में शिल्पा गुप्ता के विरुद्ध अनेक याचिकाएं दायर की गईं।

## संपादकीय

# टी-72 टैंकों के बेड़े को 1,000 एचपी इंजन करेंगे लैस

भारत का महाबली टैंक टी-72 अधिक दमदार बनने जा रहा है। भारत ने शुक्रवार को रूस की सरकारी स्वामित्व वाली रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ 24.8 करोड़ डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत टी-72 टैंकों के बेड़े के लिए 1,000 एचपी (हॉर्स पावर) के इंजन खरीदे जाएंगे। ये इंजन पूरी तरह से तैयार, सेमी तैयार होंगे। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इस सौदे में मेसर्स आरओई से मेसर्स आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (या हैवी व्हीकल्स फैक्ट्री) अवाडी, चेन्नई को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (टीओटी) भी शामिल है। इसका उद्देश्य एकीकरण और बाद में 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के लिए इंजनों का लाइसेंस प्राप्त उत्पादन करना है। रूसी मूल के टी-72 सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार हैं। ये वर्तमान में 780 एचपी इंजन से सुसज्जित हैं। टी-72 टैंकों के बेड़े को 1,000 एचपी इंजन से लैस करने से सेना की युद्धक्षेत्र गतिशीलता और आक्रामक क्षमता में वृद्धि होगी। 2,400 टी-72 टैंकों के बेड़े के साथ, सेना ने अब तक 1,300 टी-90एस 'भीष्म' टैंकों को शामिल किया है। इनमें से 1,657 टैंक रूस से लाइसेंस के तहत हेवी व्हीकल्स फैक्ट्री द्वारा निर्मित किए जा रहे हैं। इस टैंक का वजन 41 हजार किलोग्राम है। टी-72 टैंक में तीन जवान (क्रू) के बैठने की जगह है। टी-72 टैंक के कैनन की लेंथ 9,530 एमएम है। इस टैंक की ऊंचाई 2,190 एमएम है। टी-72 टैंक की चौड़ाई 3,460 एमएम है। यह टैंक सड़क पर अधिकतम 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है। टी-72 टैंक कच्चे रास्तों पर 35-45 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है। इस टैंक में 1,590 लीटर ईंधन एकसाथ भरा जा सकता है। सड़क पर टी-72 टैंक 420-600 किलोमीटर तक अभियान को अंजाम दे सकता है। सेना बल अब 118 स्वदेशी अर्जुन मार्क-1ए टैंक भी शामिल कर रहा है। इसमें 14 प्रमुख और 57 छोटे 'अपग्रेड' किए गए हैं, ताकि मारक क्षमता, गतिशीलता, सहनशक्ति और सुरक्षा बढ़ाई जा सके। इसके लिए सितंबर 2021 में 7,523 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया गया था। ये 118 'एडवांस्ड' टैंक एक दशक से भी पहले शामिल किए गए पहले 124 अर्जुन टैंकों में शामिल होंगे। फिर, अधिक ऊंचाई वाले युद्ध के लिए 354 स्वदेशी हल्के टैंक हैं जिन्हें प्रोजेक्ट जोरावर के तहत लगभग 17,500 करोड़ रुपये में शामिल किया जाएगा। ऐसे टैंकों की जरूरत, जिनमें से प्रत्येक का वजन 25 टन से कम हो, अधिक शक्ति-से-भार अनुपात के साथ-साथ बेहतर मारक क्षमता और सुरक्षा हो, पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से चल रहे सैन्य टकराव के कारण महसूस की गई है।

# प्यासे कौवे की कहानी



एक बार की बात है, गर्मियों की चिलचिलाती दोपहर में एक प्यासा कौवा पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहा था, लेकिन उसे पानी कहीं नहीं मिला। वह प्यासा उड़ता ही जा रहा था। उड़ते-उड़ते उसकी प्यास बढ़ती जा रही थी, जिस कारण उसकी हालत खराब होने लगी। अब कौवे को लगने लगा कि उसकी मौत नजदीक है, लेकिन तभी उसकी नजर एक घड़े पर पड़ी।

वो तुरंत हिम्मत जुटाकर उस घड़े तक पहुंचा, लेकिन उसकी खुशी बस कुछ समय के लिए ही थी, क्योंकि उस घड़े में पानी तो था, लेकिन इतना नहीं था कि कौवे की चोंच उस पानी तक पहुंच सके। कौवे ने हर तरह से पानी पीने की कोशिश की, लेकिन वह पानी पीने में सफल नहीं हो पाया।

अब कौवा पहले से भी ज्यादा दुखी हो गया था, क्योंकि उसके पास पानी होते हुए भी वह प्यासा था। कुछ देर घड़े को देखते-देखते कौवे की नजर घड़े के आसपास पड़े कंकड़ों पर पड़ी और कंकड़ों को देखते ही उसके मन में एक योजना आई।

उसने सोचा कि थोड़ी मेहनत करके अगर वह एक-एक करके सारे कंकड़ घड़े में डाल दे, तो पानी ऊपर आ जाएगा और वो आसानी से पानी पी सकेगा। उसने एक-एक कर आसपास पड़े कंकड़ों को घड़े में डालना शुरू कर दिया। वह कंकड़ों को तब तक घड़े में डालता रहा, जब तक पानी ऊपर उसकी चोंच तक नहीं आ गया। फिर काफी मेहनत के बाद जब पानी ऊपर आ गया, तो कौवे ने जी भरकर पानी पिया और अपनी प्यास बुझाई।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। मेहनत करते रहना चाहिए, क्योंकि मेहनत करने वाले को ही सफलता मिलती है।

## रंग भरो



New Delhi

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को करारा झटका, 40 लाख के इनामी 11 नक्सली हथियार डाल मुख्यधारा में लौटे!

**नारायणपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है. शुक्रवार को यहां 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 7 महिलाएं शामिल हैं. इन सभी पर कुल मिलाकर 40 लाख रुपये का इनाम घोषित था. नारायणपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने बताया कि इन नक्सलियों ने पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (BSF) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया.



दरअसल, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने कहा कि वे माओवादी विचारधारा की खोखली और अमानवीय नीतियों से निराश हो चुके थे. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वरिष्ठ नक्सली कैडर भोले-भाले आदिवासियों का शोषण कर रहे थे. इसके अलावा, सुरक्षा बलों की बढ़ती उपस्थिति और सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों ने भी उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया.

उन्होंने खासतौर पर 'निया नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) योजना की सराहना की, जिसके तहत अबूझमाड़ के दुर्गम इलाकों में विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है. इस योजना के तहत सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. इससे आदिवासी समुदाय की जीवनशैली में सुधार हो रहा है.

Uttarpradesh

## हाथ-पैर की हड्डियां तोड़ीं, गुप्तांग पर भी घाव, बर्बरता देख कांप गए डॉक्टर

### कानपुर में दरिंदगी की हदें पार

**कानपुर, (एजेंसी) कानपुर के अरौल थाना इलाके में में प्रॉपर्टी डीलर के 13 वर्षीय बेटे की हत्या के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया। आरोपियों ने सरिया और पेचकस से पूरा शरीर गोद डाला। किशोर के गुप्तांग पर भी घाव मिले हैं। मेडिकल करने वाले डॉक्टर भी देखकर बोले कि ऐसी बर्बरता पहले कभी नहीं देखी।**

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। कानपुर के अरौल थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दो युवक 13 साल के दोस्त को बहला फुसलाकर गांव के खंडहर में ले गए। वहां बंधक बनाकर कुकर्म किया। दरिंदों ने विरोध करने पर किशोर का रस्सी से गला कस दिया। इसके बाद उसके सिर पर सरिये से वार कर खोपड़ी खोल डाली। पूरा शरीर पेचकस से गोदकर मार डाला। उसके शरीर पर चोट के 90 निशान मिले हैं।

पोस्टमार्टम में इसका खुलासा हुआ। दरिंदों ने हाथ पैर तोड़ने के साथ गुप्तांग को भी चोट पहुंचाई। हत्या के बाद शव को हाईवे के पास 40 फीट गहरे कुएं में फेंक दिया। पुलिस से बचने के लिए घटना को अपहरण का रूप देने की साजिश रची।

इसके तहत किशोर के मोबाइल से उसके पिता को 10 लाख रुपये की फिरौती का मैसेज भेजा। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला खुल गया। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से घटना को अंजाम देने वाले किशोर के दोस्त और इसी गांव के निवासी अजहर उर्फ अज्जू और नजर अली उर्फ हुसैनी को गिरफ्तार कर लिया गया।

Uttarpradesh

## लव मैरिज के छठवें दिन महिला डॉक्टर ने छोड़ दी दुनिया, बाथरूम में नहाते समय हुआ हादसा

**हरदोई, (एजेंसी)** यूपी के हरदोई में छह दिन पहले प्रेम विवाह करने वाली डॉक्टर अर्पिता उर्फ अजिता (30) की शुक्रवार सुबह ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। लखनऊ निवासी अर्पिता ने दो मार्च को कोतवाली शहर क्षेत्र के न्यू सिविल लाइन मोहल्ले में रहने वाले कपड़ा कारोबारी अंकित बाजपेई से प्रेम विवाह किया था। ससुराल वालों का कहना है कि बाथरूम में नहाने के दौरान गीजर चलाने से दम घुटने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित रखा गया है।मूलरूप से मोहल्ला बंसी नगर निवासी आदित्य विक्रम सिंह लखनऊ के खरगापुर सरस्वतीपुरम गोमती नगर में रहते हैं। उनकी बेटी अर्पिता गोमती नगर के हेल्थ सिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में डॉक्टर थी। मां किरन के मुताबिक बेटी ने हरदोई के न्यू सिविल लाइन निवासी कपड़ा व्यापारी अंकित बाजपेई से दो मार्च को प्रेम विवाह किया था। चौथी के बाद गुरुवार को ही बेटी की ससुराल वाले उसे विदा कराकर ले गए थे। शुक्रवार सुबह बेटी की मौत की जानकारी मिली।

Bihar

## फेरे से पहले आ धमकी दूल्हे की प्रेमिका, बेटे की शादी टूटी तो मां को आया हार्ट अटैक

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गरीबस्थान रोड स्थित एक मैरिज हॉल में गुरुवार को आयोजित एक शादी समारोह में गजब का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। फेरों से पहले दूल्हे की प्रेमिका अपनी मां के साथ आ धमकी। उसके ड्रामे की वजह से दुल्हन के घर वालों ने शादी तोड़ दी। इससे आहत होकर लड़के की मां को हार्ट अटैक आ गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लड़की पक्ष के लोग बारात स्वागत की तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान मां और बेटी वहां पहुंच गईं। महिला ने दुल्हन के पिता से कहा कि जिस लड़के से आप अपनी बेटी की शादी करने जा रहे हैं, उसका मेरी बेटी से पहले से प्रेम संबंध है। मैं यह शादी नहीं होने दूंगी। यह सुनकर दुल्हन के घर वाले चौंक गए। देखते ही देखते मैरिज हॉल में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

इसी बीच लड़का पक्ष के लोगों ने नगर थाना पुलिस की डायल 112 टीम को बुला दिया। पुलिस ने मां-बेटी से कहा कि अगर वह शादी करना चाहती है तो शादी करें या थाने में शिकायत करें। हालांकि महिला ने थाने में शिकायत करने से इनकार कर दिया। दोनों का यही कहना था कि वे लड़के की शादी नहीं होने देंगी।

दूसरी ओर, बवाल बढ़ता देख दुल्हन के पिता ने शादी से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी यहां खुश नहीं रह पाएगी। शाम में जब लड़के की मां को बेटे की शादी टूटने की खबर लगी तो सदमे में दिल का दौरा पड़ गया। वह बेहोश हो गईं।

खेल

# फाइनल की तैयारी में जुटी भारतीय टीम

### स्पिनर्स के खिलाफ बहाया पसीना, कोच बोले- हमारे बल्लेबाज तैयार

**दुबई, (एजेंसी) भारतीय बल्लेबाजों ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल का सामना करने से पहले शुक्रवार को बाएं हाथ और ऑफ स्पिन के खिलाफ अपना कौशल को निखारा। शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा की घरेलू स्पिन चौकड़ी का सामना करने के बाद स्थानीय स्पिनरों का सामना किया।**




पिछले मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान सेंटनर ने कसी गेंदबाजी (10-1-41-1) की थी लेकिन ब्रेसवेल (9-0-56-0) थोड़े महंगे रहे। इन दोनों ने मिलकर अब तक चार मैचों में 13 विकेट लिए हैं। रचिन रविंद्र (6-0-31-1) ने भी बाएं हाथ की स्पिन का अच्छा स्पेल डाला था। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (डीआईसीएस) की पिच से स्पिनरों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए भारतीय बल्लेबाज कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यहां की पिच धीमी गति के गेंदबाजों को मदद देना जारी रख सकती है।

कोटक ने कहा- विकेट निश्चित रूप से थोड़ा बदलते हैं, लेकिन यहां इसकी प्रवृत्ति में बहुत बदलाव नहीं आया है। हमारी बल्लेबाजी वास्तव में अच्छी रही है। कोटक ने कहा कि भारतीय बल्लेबाज किसी भी दिन किसी भी पिच के अनुकूल ढल सकते हैं। उन्होंने कहा- हमारे बल्लेबाज किसी भी सतह पर खुद को ढाल सकते हैं। इसलिए यही मुख्य बात है। मुझे लगता है कि हम विकेट के हिसाब से खुद को ढाल सकते हैं।

सिनेमा

## नाना पाटेकर के खिलाफ तनुश्री दत्ता की याचिका कोर्ट ने की खारिज बताया देरी से दायर की गई शिकायत



बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने एक्टर नाना पाटेकर पर मीटू मूवमेंट के दौरान यौन उत्पीड़न और फिल्म की शूटिंग के दौरान किए गए बुरे व्यवहार का आरोप लगाया था। एक्ट्रेस ने नाना पाटेकर समेत कुछ लोगों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज की थी। अब इस मामले पर कोर्ट ने संज्ञान लेने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि शिकायत सीमित समय अवधि के बाद दायर की गई थी और इसमें देरी का कोई कारण नहीं बताया गया है। तनुश्री दत्ता ने अक्टूबर 2018 में नाना पाटेकर और तीन अन्य लोगों पर 2008 में फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के एक गाने की शूटिंग के दौरान उत्पीड़न और बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इस मामले में 2019 में पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उसने मामले की जांच की, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कुछ भी सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने इसे 'बी-समरी' रिपोर्ट के रूप में कोर्ट में पेश किया। इस रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर झूठी पाई गई थी। तनुश्री ने इस रिपोर्ट के खिलाफ विरोध याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट से जांच को आगे बढ़ाने की मांग की थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट एन.वी. बंसल ने कहा कि तनुश्री ने 2018 में जो एफआईआर दर्ज कराई थी, वह 2008 में हुई घटना से संबंधित थी।

## Highlights

1. Jamia drops Thiruvananthapuram as exam centre; Tharoor reacts
2. Villagers dig fields to look for gold after watching Vicky Kaushal's 'Chhaava' in MP
3. Who all are eligible for BJP-led Delhi government's ₹2,500 monthly aid?
4. He came as YouTuber: Shiv Sena's Nirupam on Rahul's Dharavi visit
5. Adani extends Women's Day wishes as he hosts 9 women ambassadors

# SEBI issues warning to Nestle India over insider trading norms breach

**NEW DELHI, (Agency).** Market watchdog SEBI has issued a warning letter to FMCG major Nestle India over alleged violation of Insider Trading norms by a senior official of the company.

Nestle India has received an "administrative warning letter" from the Securities and Exchange Board of India (SEBI) by a designated person of the company, according to regulatory filing on Friday.

Nestle India has not disclosed the identity of the person involved in this.

"The Compliance Officer of the Company has received an administrative warning letter from the Deputy General Manager of SEBI for violation of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015




('PIT Regulations') by a designated person of the Company," it said.

Later in a statement, Nestle India spokesperson said it will have no material impact on the company.

"We would like to categorically assert that this information has no impact on the financial and operational capabilities of the company. The information has been provided in accordance with Regulation 30 of SEBI Listing Regulations," said Nestle India.

Insider trading is one of the most serious malpractices that exists in the market.

It is selling or buying securities such as equity and bonds by the insiders of a company, which includes the employees, directors, executives and promoters.

# Google must promptly sell Chrome browser to buyer approved by us: US DOJ in antitrust case

**NEW DELHI, (Agency).** The US Department of Justice (DOJ) has demanded that Google "promptly and fully" sell off its Chrome browser as part of the former's solution to a landmark antitrust case.

The new proposal, filed by DOJ on Friday, says Google must sell Chrome, "along with any assets or services necessary to successfully complete the divestiture, to a buyer approved by the plaintiffs in their sole discretion, subject to terms that the court and plaintiffs approve", according to WIRED.

The department's recommendations would require Google to stop paying




partners for preferential treatment of its search engine. They also demand that Google gives prior notification of any new joint venture, collaboration or partnership with any company that competes with Google in search or in search text ads.

The new recommendations, however, no longer require Google to divest its AI investments but direct the company to give prior notification of any future AI investments.

"Through its sheer size and unrestricted power, Google has robbed consumers and businesses of a fundamental promise owed to the public—their right to choose among competing services," the DOJ statement accompanying the filing claims.

"Google's illegal conduct has created an economic goliath, one that wreaks havoc over the marketplace to ensure that—no matter what occurs—Google always wins," it added.

# लव मैरिज करने वाली स्टूडेंट को दहेज के लिए सताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खजराना पुलिस ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर उसके पति ,सास और ससुर के खिलाफ 10 लाख रुपए दहेज मांगने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक दो माह पहले ही पीड़िता ने प्रेम विवाह किया था। कुछ ही दिन बाद पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इसके चलते पीड़िता अपने माता-पिता के पास आकर रहने लगी। सास-ससुर और पति लगातार रुपयों को लेकर दबाव बनाने लगे। जिसके बाद पीड़िता ने केस दर्ज कराया। खजराना पुलिस ने सिमरन जायसवाल की शिकायत पर सौरभ जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, धापूबाई, निवासी चाणक्यपुरी देवास पर 10 लाख रुपए दहेज मांगने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिमरन बीकॉम फाईनल ईयर की स्टूडेंट है। 13 जनवरी 2025 को सिमरन ने सौरभ से आर्य समाज में प्रेम विवाह कर लिया। शादी के अगले दिन ससुराल पहुंची तो यहां विवाद शुरू हो गया। सास-ससुर ने कहा कि अगर मर्जी से शादी करते तो दहेज में काफी रुपए-जेवर मिलते। सिमरन ने ये बात माता-पिता को बताई। एक-दो दिन बाद सिमरन के माता-पिता उसके ससुराल पहुंचे और उसे साथ लेकर इंदौर आ गए। 27 जनवरी को सास-ससुर इंदौर बात करने पहुंचे। उन्होंने सिमरन के माता-पिता से कहा कि सामाजिक रिति रिवाज से दोबारा शादी करते हुए पूरा खर्च वहन करने के साथ 10 लाख रुपए देना होंगे। इसके बाद ही बेटी साथ में रह पाएगी। बिना रुपए दिए उन्होंने साथ में रखने की बात से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद लगातार मोबाइल पर बात करते हुए बिना रुपए लिए आने पर जान से मारने की धमकी तक दी।

**फिनिक्स सिटाडेल मॉल का वीडियो**


# इंदौर के सबसे बड़े मॉल में भगवा नैपकिन पर भड़की करणी सेना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोशल मीडिया पर इंदौर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो एशिया के सबसे बड़े मॉल फीनिक्स सिटाडेल का है। मॉल के अंदर एक जीटी रोड रेस्टोरेंट है। इसमें भगवा रंग के नैपकिन का इस्तेमाल हो रहा था। इसकी सूचना करणी सेना को मिली है। करणी सेना के लोग वहां पहुंचा। डायनिंग टेबल पर बैठने के बाद उनके सामने भी भगवा नैपकिन रखा गया। यह देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता वहां के स्टॉफ पर तमतमा गए।**



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एक मार्च का है, जिसे कई प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है। वीडियो में स्टॉफ से बहस कर रहे शख्स का नाम अंकित तोमर है, वह क्षत्रिय करणी सेना का जिलाध्यक्ष है। अंकित की टीम ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है कि भगवा नैपकिन के इस्तेमाल की सूचना पर हम वहां देखने पहुंचे थे। करणी सेना के कार्यकर्ता जब फीनिक्स सिटाडेल मॉल के अंदर जीटी रोड रेस्टोरेंट में पहुंचे तो देखा कि भगवा नैपकिन का इस्तेमाल हो रहा है। इसे लेकर करणी सेना के कार्यकर्ता रेस्टोरेंट पर भड़क गए। साथ ही कहने लगे कि तुमलोगों ने हिंदू धर्म का मजाक बना रखा है। सिर्फ हिंदू धर्म ही मिलता है क्या। भगवा नैपकिन को हटाओ नहीं तो हमलोग एसपी-डीएसपी को लेकर पहुंच जाएंगे। साथ ही चेतावनी दी कि अगली बार आएंगे तो फिल्म देखने लायक नहीं होगी। रेस्टोरेंट के अधिकारियों ने कहा कि भरोसा दिया है कि भगवा नैपकिन को हटा लिया जाएगा। यह पूरा मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है। अभी तक इसे लेकर कोई शिकायत नहीं आई है। लेकिन वीडियो शेयर कर लोग निशाना जरूर साध रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक